# विभागों में थम जाएगी प्रमोशन की प्रक्रिया

## प्रमोशन में आरक्षण देने पर हाईकोर्ट की रोक का दिखेगा असर

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 जुलाई. मप्र हाईकोर्ट द्वारा फिलहाल प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण देने के नये नियम पर रोक लगाने के बाद अब इसका असर राज्य सरकार के विभागों में दिख सकता है. अब विभागों में प्रमोशन की प्रक्रिया एक बार फिर थमने के आसार है. राज्य सरकार द्वारा प्रमोशन में आरक्षण को लेकर नई नीति जारी करने के बाद सभी विभागों में पदोन्नति देने की कवायद शुरू हो गई थी. विभाग सभी कामों में इस काम को सबसे अधिक तवज्जो दे रहे थे, जिससे कि जल्द से जल्द इसी माह विभागों में पदोन्नत करने की कवायद पूरी की जा सके, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा.**



राज्य सरकार ने बीते जून को नई पदोन्नति लागू की थी, इस नीति में भी पदोन्नति में आरक्षण के पहले के प्रावधान को बरकरार रखा गया था. नई नीति में जो व्यवस्था तय की गई थी उसके मुताबिक विभागीय स्तर पर जितने पद रिक्त होंगे, उनमें एससी वर्ग को 16 और एसटी वर्ग को 20 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलना था, उसके बाद अनारक्षित हिस्सों को बाकी वर्ग में बांटा जाना था. यह भी तय किया गया था कि सबसे पहले एससी, एसटी वर्ग के लिए आरक्षित पदों पर सबसे पहले पदोन्नति दी जाएगी. फिर बाकी को मौका मिलेगा.

> प्रदेश में 9 वर्ष बाद पदोन्नति की राह खुली थी. वर्ष 2002 के राज्य सरकार के नियमों पर हाईकोर्ट ने वर्ष 20216 में रोक लगा दी थी, तब से लेकर अब तक प्रदेश में शासकीय सेवकों को पदोन्नत नहीं किया जा सका था. पदोन्नति की आस में प्रदेश के एक लाख से अधिक शासकीय सेवक रिटायर भी हो गये. राज्य सरकार ने दावा किया था कि प्रदेश में 4 लाख से अधिक शासकीय सेवकों को पदोन्नत किया जा सकेगा, वहीं इससे दो लाख से अधिक नये पदों पर भर्ती का रास्ता खुलेगा, लेकिन अब इन सभी कोशिशों पर विराम लग गया है.

प्रथम श्रेणी के अधिकारियों के लिये मेरिट और वरिष्ठता दोनों के आधार पर पदोन्नत करने का प्रावधान किया गया था, लेकिन उससे नीचे के पदों पर पदोन्नत करने के लिये वरिष्ठता को आधार बनाया गया था. पदोन्नत होने के लिए एसीआर की अनिवार्यता भी तय की गई थी, ऐसे में विभागों में एसीआर तय करने के लिये सामान्य प्रशासन विभाग ने बाकायदा निर्देश भी जारी कर दिये थे, उसके बाद विभागीय अधिकारियों की एसीआर लगातार तैयार की जा रही थी, जिससे कि पदोन्नति में कोई बाधा नहीं आये.

# स्वतंत्र भारत के प्रथम बलिदानी थे डॉ. मुखर्जी : सबनानी

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर केंद्रित संगोष्ठी हुई

**ग्वालियर, 7 जुलाई. डॉ. मुखर्जी का मानना था कि भारत की एकता से कोई समझौता नहीं हो सकता और उन्होंने ''एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे'' का नारा देकर राष्ट्रीय एकता की आधारशिला को मजबूत किया. यह बात सोमवार को बाल भवन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर केंद्रित संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवान सबनानी ने कही.**

उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक असाधारण दूरदृष्टि वाले राष्ट्रवादी नेता थे, वह शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे. उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था. उन्होंने कहा कि डॉ.



मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए. सबनानी ने कहा कि स्वतंत्र भारत में बनी नेहरू सरकार में डॉ मुखर्जी प्रथम उद्योग और आपूर्ति मंत्री बने. उन्होंने भारत के औद्योगिक विकास की नींव रखी, चितरंजन लोकोमोटिव फैक्ट्री जैसी संस्थाओं की स्थापना की और आत्मनिर्भरता पर जोर दिया. डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को ''संसद का शेर'' भी कहा जाता था. उन्होंने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरू की तुष्टिकरण की नीतियों का विरोध करते हुए 19 अप्रैल 1950 को नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया.

### एक देश में दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे

इसके अलावा वह जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के भी खिलाफ थे. उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन सरसंघचालक गुरु गोलवलकर से मिलकर 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना की. सबनानी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने ''एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे'' का नारा दिया और जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्ष किया.

# एम्स भोपाल में ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी पर सीएमई 12 जुलाई को

**भोपाल, 7 जुलाई. एम्स भोपाल में बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा 12 जुलाई को ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी विषय पर एक दिवसीय सीएमई (सतत चिकित्सकीय शिक्षा) और विभागीय स्थापना दिवस का आयोजन किया जाएगा.**

इस शैक्षणिक कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को ब्रैकियल प्लेक्सस इंजरी जैसी जटिल तंत्रिकीय स्थिति के नवीनतम निदान, उपचार और पुनर्वास तकनीकों से अवगत कराना होगा, जिससे रोगियों को अधिक सटीक और प्रभावी चिकित्सा सुविधा



उपलब्ध कराई जा सके. कार्यक्रम में ब्रैकियल प्लेक्सस की शारीरिक रचना, क्लिनिकल मूल्यांकन, रेडियोलॉजिकल एवं इलेक्ट्रोडायग्नोस्टिक परीक्षण, नस स्थानांतरण (nerve transfers), मांसपेशी ट्रांसफर, दर्द प्रबंधन तथा पुनर्वास पद्धतियों जैसे विषयों पर केंद्रित व्याख्यान प्रस्तुत किए जाएंगे.

# नदी में बहे युवक ने पेड़ को पकड़कर बचाई अपनी जान

**कटनी, 7 जुलाई.** नदी में मछली पकड़ने गये शाहनगर निवासी करीब 18 वर्षीय पंकज चौधरी पैर फिसलने से करीब 500 मीटर दूर बह गया.

पंकज ने जान बचाने के लिए एक पेड़ की डाल को पकड़कर उस पर चढ़ गया. लोगों ने सूचना जिला प्रशासन को दी. जिसके बाद एसडीईआरफ एवं होमगार्ड की 7 सदस्यीय टीम प्लाटून कमांडर विजयांश चौधरी के नेतृत्व में पहुंचा. करीब 1 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद युवक को नदी से सकुशल सुरक्षित बाहर निकाला गया.

# सतना जिले में निर्माणाधीन पुल में मिली खामियां

## सात जिलों की सड़कों, भवनों, राजमार्ग का लिया जायजा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 7 जुलाई. लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु एक व्यापक कार्ययोजना के 5 जुलाई को सात मुख्य अभियंताओं की टीमों ने हरदा, जबलपुर, गुना, खंडवा, सतना, शाजापुर एवं निवाड़ी जिलों में औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के लिए कुल 34 निर्माण कार्यों को रैंडम आधार पर चयनित किया गया.**

इनमें 14 कार्य लोक निर्माण विभाग सड़क/पुल, 11 कार्य पीआईयू के भवन, 6 कार्य मप्र सड़क विकास निगम, 2 कार्य मप्र भवन विकास निगम तथा 1 कार्य राष्ट्रीय राजमार्ग का शामिल था.

निरीक्षण के बाद प्रतिवेदन की समीक्षा आर.के. मेहरा, तकनीकी सलाहकार, म.प्र. सड़क विकास निगम की अध्यक्षता में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई. निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनुसार जबलपुर जिले के अमझर-लोहकारी-पढवार मार्ग का कार्य उत्कृष्ट पाया गया, जिसके लिए कार्यपालन यंत्री शिवेन्द्र सिंह, अनुविभागीय अधिकारी अतुल चौकसे एवं ठेकेदार मेसर्स अतुल खरे की सराहना की गई.

इसी प्रकार, खंडवा जिले में सीएम राइज स्कूल भवन तथा निवाड़ी जिले में सीएमएचओ कार्यालय एवं 100 बिस्तरीय अस्पताल भवन का निर्माण कार्य भी संतोषजनक पाया गया. रीवा संभाग में रीवा-बनकुईया-सेमरिया मार्ग का कार्य अच्छा पाया गया. आशापुर-हरदा मार्ग पर पेच रिपेयर कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. सीधी-सिंगरौली मार्ग पर आवश्यक सुधार कार्य प्रारंभ हैं. जबलपुर-नरसिंहपुर-पिपरिया मार्ग पर भी पेच रिपेयर की आवश्यकता बताई गई है, जिसे लेकर संभागीय प्रबंधक को निर्देशित किया गया है.

समीक्षा में यह भी निर्देशित किया गया कि समस्त भवनों के एक्सपेंशन जॉइंट्स का संधारण कार्य प्राथमिकता से कराया जाए, जिसके लिए प्रमुख अभियंता (भवन) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने के लिए कहा गया. सतना जिले के छिंदा-शिवपुर-सेमरी मार्ग पर निर्माणाधीन पुल की फिनिशिंग कार्य में कमियां पाई गईं.

> इसके लिए संबंधित कार्यपालन यंत्री को स्पष्टीकरण पत्र जारी करने हेतु निर्देश दिए गए. सभी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे औचक निरीक्षण अथवा अन्य अवसरों पर सड़कों की स्थिति, पॉटहोल्स या अन्य आवश्यक सुधार कार्यों से संबंधित जानकारी लोकपथ मोबाइल ऐप में अनिवार्य रूप से दर्ज करें, जिससे समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित हो सके. यह पूरी कार्यवाही विभाग द्वारा गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त पहल मानी जा रही है.

# प्रियंका 'विश्व साहित्य सम्मान' से सम्मानित

**भोपाल, 7 जुलाई. राजधानी की कवयित्री डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव 'प्रियांजलि' को 'विश्व साहित्य सम्मान-2025' से सम्मानित किया गया. निर्दलीय संगठन के 52वें वार्षिकोत्सव में भोपाल निवासी डॉ. प्रियंका को वर्ष 2025 में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया. अब तक इन्हें अनेक राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मंचों द्वारा विभिन्न सम्मान प्राप्त हो चुके हैं.**

यह संस्था, प्रति वर्ष देश के विभिन्न राज्यों से विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिभाओं का सम्मान करती है. इस वार्षिकोत्सव में राष्ट्रीय शिखर सम्मान एवं विश्व साहित्य सम्मान के अंतर्गत 101 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया है. इससे पूर्व डॉ. प्रियंका ''प्रियांजलि'' को ''स्त्री'' विषय पर उनकी विभिन्न दृष्टिकोणों पर आधारित पांच रचनाओं के लिए ''विश्व हिंदी रचनाकार मंच'' द्वारा राजधानी के हिंदी भवन में ''रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल अवॉर्ड'' से सम्मानित किया जा चुका है.



> उन्हें अटल गौरव अवार्ड, निर्भया सम्मान राष्ट्रीय शब्दाक्षर प्रतीक चिन्ह, कायस्थ कुलभूषण सम्मान और प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है. अपनी इस उपलब्धि पर डॉ. प्रियंका ने साहित्यिक संगठनों और प्रशंसकों के समर्थन के लिए, सभी की शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया, जिन्होंने उनकी रचनाओं को सराहा और पसंद किया.

# फुटबॉल में ग्वालियर ने सेमी फाइनल में किया प्रवेश

**शिवपुरी.** स्व. माधवराव सिंधिया की स्मृति में 14 जुलाई तक इंटर डिस्ट्रिक्ट नार्थ जोन सब जूनियर फुटबॉल लीग का आयोजन शिवपुरी के माधवराव सिंधिया खेल परिसर में चल रहा है, सोमवार को फुटबॉल मैच ग्वालियर और श्योपुर के बीच खेला गया. मैच की शुरुआत में ही ग्वालियर के अरहान ने पहला गोल दागा, जिसके बाद देवांश और मानविक ने गोल पर गोल मारकर श्योपुर को एकतरफा 7-0 से हरा दिया. ग्वालियर टीम के मैच जीतते ही ग्राउंड में खुशी का माहौल था. सारे खिलाड़ियों ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी.

# आरजीपीवी में अभाविप का हंगामा, की नारेबाजी

- दो प्राध्यापकों पर छात्रों को धमकाने, कक्षाएं नहीं लेने का आरोप

**भोपाल, 7 जुलाई. राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) भोपाल के कंप्यूटर साइंस विभाग में प्राध्यापक उदय चौरसिया और मनीष अहिरवार द्वारा छात्रों के साथ की जा रही बदसलूकी, धमकी और मनमानी के विरोध में सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के कार्यकर्ताओं ने विभाग परिसर में जोरदार हंगामा किया.**

छात्रों का आरोप है कि दोनों



प्राध्यापक न केवल नियमित कक्षाएं नहीं लेते, बल्कि जब छात्र उनसे पढ़ाई की मांग करते हैं तो उन्हें इंटरनल में फेल करने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हैं. पहले भी उदय चौरसिया पर एक छात्रा को जानबूझकर फेल करने का आरोप सिद्ध हो चुका है, जिसके बाद उन्हें विभागाध्यक्ष के पद से हटाया गया था. बावजूद इसके, उनका व्यवहार जस का तस बना हुआ है. विभाग की एक महिला गेस्ट फैकल्टी ने भी हाल ही में उदय चौरसिया पर दुर्व्यवहार की लिखित शिकायत कुलसचिव से की थी, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने आज तक कोई कार्रवाई नहीं की.

> सोमवार को जब अभाविप कार्यकर्ता विभाग में प्राध्यापकों से जवाब मांगने पहुंचे, तो दोनों प्राध्यापक मौके से भाग खड़े हुए. इसके बाद अभाविप कार्यकर्ताओं ने विभाग परिसर में विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की. अभाविप ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही इन प्राध्यापकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय स्तर पर उग्र आंदोलन करेगी.

# मोहर्रम के जुलूस में युवक पर हमला

**बेगमगंज, 7 जुलाई. आज सोमवार को फिर मोहर्रम का जुलूस हदाईपुर से काजी मोहल्ले जाने के लिए निकला. पक्का फाटक पहुंचने पर जुलूस में शामिल हलाली अखाड़े के तीन लड़कों ने एक लड़के को निकलने पर आपत्ति जताते हुए प्राणघातक हमलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. पुलिस ने विभिन्न धाराओं में तीनों के विरुद्ध मामला दर्जकर लिया है.**

थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि फरियादी फैसला खान पिता मुख्तार खान 20 वर्ष निवासी मकबरा मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सोमवार की शाम करीब 5.30 से 6 बजे के बीच में मोहर्रम का जुलूस पक्का फाटक क्षेत्र के तिगड़े से अखाड़ों के साथ निकल रहा था. तब वह वहां से निकलकर जा रहा था तो उसमें शामिल बिट्टू उर्फ एहतेशाम खान ने गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी, तभी उसके घर के रिजवान मुर्गा एवं फरजान खां भी आ गए और तीनों ने उसके साथ मारपीट की. बिट्टू हाथ में लाठी रखे था तो उसने सिर में मार दी जिससे उसे गंभीर चोट आने से खून निकलने लगा.

> कुछ युवकों ने उसे बचाया. पुलिस ने फरियादी फैसल खान की रिपोर्ट पर आरोपित बिट्टू उर्फ एहतेशाम खां, रिजवान मुर्गा एवं फरजान खां के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

# मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम कल

- वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित
- मानव संग्रहालय में शाम 4 बजे होगा आयोजन

**भोपाल, 7 जुलाई. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में 9 जुलाई बुधवार को एक विशेष सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो वरिष्ठ नागरिकों के मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित होगा.**

इस सामुदायिक गतिविधि का शीर्षक है - शेड्स ऑफ जिरियाट्रिक मेंटल हेल्थ फ्रॉम द लेंस ऑफ सोशल सायकेट्री. यह



आयोजन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल के मनोरोग विभाग द्वारा इंडियन एसोसिएशन फॉर सोशल सायकेट्री (आईएएसपी), एम्स भोपाल के कॉलेज ऑफ नर्सिंग और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है. यह कार्यक्रम बुधवार को शाम 4:30 से शाम 7:30 बजे तक आयोजित होगा.

> एम्स के साइकेट्री विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर स्नेहिल गुप्ता ने बताया वृद्धजन जनसंख्या विभिन्न प्रकार की मनोसामाजिक समस्याओं से पीड़ित होती है, जैसे कि दीर्घकालिक शारीरिक रोग, संज्ञानात्मक ह्रास, तंत्रिका-मनोविकृति समस्याएं, उपेक्षा/शोषण, अकेलापन आदि. वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के विभिन्न पहलुओं को समझना और उन्हें समग्र दृष्टिकोण से संभालना, न केवल बुजुर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है, बल्कि समाज के समग्र कल्याण में भी योगदान दे सकता है.

# ऑनलाइन सट्टा गैंग का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## वेबसाइट के ज़रिए चलता था क्रिकेट समेत सैकड़ों गेम्स पर सट्टा

**इंदौर, 7 जुलाई. क्राइम ब्रांच इंदौर की सतर्कता और लगातार निगरानी के चलते ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में सट्टा चलाने वाली अंतरराज्यीय गिरोह का एक और बड़ा आरोपी गिरफ्त में आ गया है.**

इस हाईटेक सट्टा नेटवर्क के फरार टेक्निकल मॉनिटर विकास बंसल को पुलिस ने ग्वालियर से गिरफ्तार किया है. विकास सट्टे की वेबसाइट वरुण ऑनलाइन हब से जुड़ी ब्रांचों की तकनीकी मॉनिटरिंग



करता था और क्लाइंट्स को तकनीकी सहायता भी देता था. इस मामले में अब तक दस आरोपी पकड़े जा चुके हैं, जिनमें मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार और राजस्थान के युवक शामिल हैं. आरोपियों द्वारा इंदौर के संयोगितागंज क्षेत्र स्थित ऊषागंज के एक फ्लैट से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा था. ग्राहक को आईडी-पासवर्ड देकर वेबसाइट पर लॉगइन करवाया जाता था और हार-जीत के दांव लगवाए जाते थे. क्राइम ब्रांच ने 29 मोबाइल, 2 लैपटॉप, 1 कंप्यूटर, 7 चेकबुक, 4 पासबुक, कई एटीएम कार्ड्स, 6.5 लाख रुपए नकद और एक अर्टिगा कार जब्त की है.

प्रबंधन विकास कार्यक्रम | बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ने एमडीपी का किया आयोजन

# गैर-वित्तीय पेशेवरों को सशक्त बनाने पर हुई चर्चा

**भोपाल, 7 जुलाई. बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज (बीएसएसएस-आईएएस) ने 7-8 जुलाई, 2025 को प्रबंधकीय कौशल कार्यक्रम के तहत व्यक्तिगत वित्त में महारत हासिल करना: गैर-वित्तीय पेशेवरों को सशक्त बनाना विषय पर दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया.**

उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बीएनआई, भोपाल के कार्यकारी निदेशक प्रदीप करमबेलकर ने शिरकत की. बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज के कार्यकारी निदेशक डॉ फादर जॉन पी जे ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और स्वागत भाषण दिया. अपने भाषण में उन्होंने गैर-वित्त पृष्ठभूमि के पेशेवरों को आवश्यक वित्तीय साक्षरता और सूचित निर्णय लेने के लिए उपकरणों से लैस करने के लिए ऐसे एमडीपी की बढ़ती आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने व्यावहारिक और उद्योग-प्रासंगिक कार्यक्रमों के माध्यम से ज्ञान की खाई को पाटने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला. करम्बेलकर ने एमडीपी विषय की प्रासंगिकता और समयबद्धता पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि आज के गतिशील आर्थिक माहौल में, वित्तीय जागरूकता न केवल एक व्यक्तिगत आवश्यकता है, बल्कि एक सामाजिक अनिवार्यता है.



> उन्होंने संस्थान द्वारा की गई पहल की सराहना की और कहा कि व्यक्तिगत वित्त कौशल के साथ पेशेवरों को सशक्त बनाने से अधिक आर्थिक रूप से स्थिर परिवार बनेंगे और अर्थव्यवस्था में सकारात्मक योगदान देंगे. दो दिवसीय कार्यक्रम में बजट, बचत और निवेश रणनीतियों, जोखिम प्रबंधन, बीमा, कराधान और सेवानिवृत्ति योजना पर विशेषज्ञों के नेतृत्व वाले सत्र शामिल हैं. कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अमित कुमार नाग, डॉ. अतुल दुबे और डॉ. जे जी शंकर द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने प्रतिभागियों के लिए एक समृद्ध और आकर्षक सीखने का अनुभव तैयार किया है.


**NAME CHANGE**

SUMAN SHEKHAWAT W/O of SHANKAR SINGH SHEKHAWAT Resident Of Plot 39 Ratan Kunj Vasundharanagar Near Manipal University Dahmikalan Jaipur, Rajasthan- 303007 Changed My Name From SUMAN PAL to SUMAN SHEKHAWAT vide Affidavit CV-082659 dated 04 July 2025 before Notary Govt of India, BHOPAL (MADHYA PRADESH)

**नाम परिवर्तन सूचना**

यह कि मेरे पिताजी स्व.श्री घनश्याम शर्मा की मृत्यु सड़क दुर्घटना में दिनांक 02.07.2013 को हुई थी। जिनकी क्लेम राशि की एफ.डी. शासन द्वारा युनियन बैंक शाखा जिला न्यायालय भोपाल से जारी करवाई गई थी। यह कि मेरी उक्त एफ.डी. क्रमांक-128545 में मेरा नाम रितेश दर्ज है जो कि गलत है, जबकि मेरा सही नाम ऋषभ शर्मा है जो कि मेरे आधार कार्डएवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। यह कि मेरी स्वयं की जिम्मेदारी पर मेरी उक्त एफ.डी. में मेरा नाम ऋषभ शर्मा दर्ज किया जावे।

ऋषभ शर्मा पिता स्व.श्री घनश्याम शर्मा
निवासी-ग्राम खजूरी सड़क,
भोपाल इंदौर रोड, भोपाल

**विज्ञापन संख्या. 58/2025**

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
**में**
**सदस्य (प्रचालन)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**28/07/2025 (15:00 बजे तक) है।**

नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि
**06/08/2025 (17:00 बजे तक) है।**

जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।
CBC 03111/12/0007/2526